2 टिल्लू का भुट्टा

एक गिलहरी थी। उसके तीन बच्चे थे। गुल्लू, बुल्लू और टिल्लू। तीनों मिल-जुलकर रहते थे।

एक दिन गिलहरी ने कहा—तुम बड़े हो गए हो। अपना काम खुद करो। वह उन्हें भुट्टे के खेत में ले गई। तीनों को एक-एक भुट्टा देकर बोली—इसे छीलो, भूनो और खा लो। इतना कहकर गिलहरी स्वयं अपने कोटर में जाकर बैठ गई।

तीनों बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर अपने-अपने भुट्टे छीलने लगे।

गुल्लू ने छीला, बुल्लू ने छीला,
टिल्लू से भुट्टा छिला ही नहीं।

शिक्षण संकेत : बच्चों में प्रेम, सद्भाव और मेल-जोल की भावना उत्पन्न करें।

टिल्लू उदास हो गया। गुल्लू और बुल्लू ने मिलकर टिल्लू का भुट्टा छील दिया। तीनों ने सूखे तिनके इकट्ठे किए।

फिर गुल्लू और बुल्लू ने आग जलाई। टिल्लू फूँक मार-मारकर परेशान। उसकी आँखों में धुआँ भर गया।

गुल्लू और बुल्लू ने उसके तिनकों में भी आग जलाई। तीनों अपने-अपने भुट्टे भूनने लगे।

गुल्लू ने भूना, बुल्लू ने भूना,
टिल्लू का भुट्टा जल ही गया।

टिल्लू रोने लगा। मेरा भुट्टा जल गया। मैं क्या खाऊँ! गुल्लू, बुल्लू ने समझाया—रो मत टिल्लू। हम दो भुट्टों को बाँटकर खा लेंगे। अपने भुट्टों में से उन्होंने थोड़ा-थोड़ा हिस्सा टिल्लू को दे दिया।

कुछ गुल्लू ने दिया, कुछ बुल्लू ने दिया,
टिल्लू का पेट भर ही गया।

टिल्लू खुश था। उसने अपने भाइयों को धन्यवाद कहा। माँ गिलहरी कोटर में बैठी भाइयों का प्यार देख खुश थी। भुट्टा खाकर तीनों पेड़ के आसपास दौड़कर लुका-छिपी खेलने लगे।

आओ करें Let's do it!

1. सुनो और बोलो Listen and speak—

गिलहरी	squirrel	स्वयं	himself	धुआँ	smoke
भुट्टे	corns	उदास	sad	जलना	burn
छीलना	peel	सूखे	dry	भूनना	cook
तिनके	straws	खाना	eat	आग	fire

2. पढ़ो और समझो Read and understand—

ल्ल	—	गुल्लू	बुल्लू	टिल्लू
च्च	—	बच्चा	कच्चा	सच्चा
ट्ट	—	भुट्टा	मिट्टी	छुट्टी
स्स	—	हिस्सा	रस्सी	गुस्सा

3. समझो और लिखो Understand and write—

क. गिलहरी के बच्चों के क्या नाम थे?

गिलहरी के बच्चों के नाम गुल्लू, ~~बि~~ बुल्लू और टिल्लू था।

ख. गिलहरी ने बच्चों से क्या कहा?

गिलहरी ने बच्चों से कहा- तुम बड़े हो गये हो। अपना काम खुद करो

ग. टिल्लू क्यों रोने लगा?

टिल्लू का भुट्टा जल गया इसलिए वह रोने लगा।

घ. टिल्लू के रोने पर उसके भाइयों ने क्या किया?

टिल्लू के रोने पर उसके भाइयों ने अपना थोड़ा-थोड़ा हिस्सा टिल्लू को दे दिया।

4. **समझो और करो** Understand and do—

मिल	+	कर	=	मिलकर	मार	+	कर	=	मारकर
जा	+	कर	=	जाकर	बाँट	+	कर	=	बाँटकर
कह	+	कर	=	कहकर	दौड़	+	कर	=	दौड़कर

5. **समझो और मिलाओ** Understand and match—

उदास	छोटे 2
बड़े	हँसना 4
सूखे	खुश 1
रोना	गीले 3
थोड़ा	खाली 6
भरा	ज़्यादा 5

6. **अपने-आप** Do yourself—

बच्चे कौन-सा खेल खेल रहे हैं? क्या आपने यह खेल कभी खेला है? कैसे?

....

....

....

....

....

....